अनुक्रमांक ..... समय : 1.00 घण्टा

नाम ..... पूर्णांक : 25

प्रश्न-पुस्तिका
द्वितीय सेमेस्टर – 2018
(विज्ञान)

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. विद्युत ऊर्जा को यान्त्रिक ऊर्जा में परिवर्तित करता है— **(1)**

(A) डायनमो (B) सोलर सेल

(C) विद्युत मोटर (D) सितार

2. अम्ल वे पदार्थ हैं जो— **(1)**

(A) जल से अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करते हैं (B) जलीय विलयन में हाइड्रोनियम आयन H_3O^+ बनाते हैं

(C) जलीय विलयन में हाइड्रोजन आयन H^- देते हैं (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

3. विटामिन C का रासायनिक नाम है— **(1)**

(A) रेटिनॉल (B) एस्कॉर्बिक अम्ल

(C) थायमिन (D) टोकोफेरॉल

4. द्वितीय श्रेणी का उत्तोलक है— **(1)**

(A) कैंची (B) हैण्डपम्प

(C) सरौंता (D) चिमटा

5. इनमें से कौन सूचक (इण्डीकेटर) नहीं है? **(1)**

(A) लाल लिटमस (B) मिथाइल ऑरेन्ज

(C) फिनॉल्फ्थेलीन (D) एण्टासिड

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

6. यान्त्रिक ऊर्जा कितने प्रकार की होती है? **(1)**

7. मेण्डलीफ की मूल आवर्त सारणी में कितने आवर्त एवं कितने वर्ग होते हैं? **(1)**

8. फसल चक्र किसे कहते हैं? **(1)**

9. मरास्मस रोग किसकी कमी के कारण होता है? **(1)**

10. कास्टिक सोडा और खाने वाले सोडा का रासायनिक सूत्र लिखिए। **(1)**

11. किसी एक कीटनाशक पदार्थ का नाम बताइए। **(1)**

लघु उत्तरीय प्रश्न

12. प्रकाश संश्लेषण और श्वसन में अन्तर लिखिए। **(2)**

13. लवण किसे कहते हैं? यह कितने प्रकार का होता है? **(2)**

14. नाभिकीय ऊर्जा क्या है? इसका उपयोग समझाइए। **(2)**

15. सन्तुलित आहार किसे कहते हैं? हमें सन्तुलित आहार क्यों लेने चाहिए? **(2)**

16. कोशिका क्या है? पादप तथा जन्तु कोशिका में अन्तर लिखिए। **(2)**

17. उत्सर्जन किसे कहते हैं? मानव के उत्सर्जन तन्त्र का सचित्र वर्णन कीजिए। **(2)**

18. भौतिक तथा रासायनिक परिवर्तन के अन्तर को उदाहरण सहित समझाइए। **(2)**

UPDELEDSTUDY.IN

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/vigyan/2018

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/vigyan/

हमसे जुड़ें
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN